


# षोडश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या-17** **शुक्रवार, दिनांक- 24 मार्च, 2017 ई० ।**

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक ।**

**[1] प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 03 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 26 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-2453, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में स्थानान्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-2460, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग में स्थानान्तरित ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vi) 85 तारांकित प्रश्न अनागत ।

**[2] कार्य स्थगन :-**

माननीय सदस्य, श्री विद्या सागर केशरी, श्री विजय कुमार खेमका, श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव, श्री संजय सरावगी, श्री केदार प्रसाद गुप्ता, श्री ललन पासवान, श्री जिवेश कुमार, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, श्री राणा रणधीर, श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं श्री विजय कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री नीरज कुमार

(ii) श्री अमित कुमार

(iii) श्री शमीम अहमद

(iv) श्री लाल बाबू राम

(v) श्री विनोद प्रसाद यादव

(vi) श्री मो० नेमतुल्लाह

(vii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(viii) श्रीमती भागीरथी देवी

(ix) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव

(x) श्री अचमित ऋषिदेव

| | | | |
|---|---|---|---|
| (xi) | श्री समीर कुमार महासेठ | (xii) | श्री फैसल रहमान |
| (xiii) | श्री मुन्द्रिका सिंह यादव | (xiv) | श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा |
| (xv) | श्री संजय सरावगी | (xvi) | श्री ललन पासवान |
| (xvii) | श्री विजय कुमार खेमका | (xviii) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xix) | श्री सत्यदेव राम | (xx) | श्री महबूब आलम |
| (xxi) | श्री जिवेश कुमार | (xxii) | श्रीमती बेबी कुमारी |
| (xxiii) | श्री केदार प्रसाद गुप्ता | (xxiv) | श्री अजीत शर्मा |
| (xxv) | श्री राणा रणधीर | (xxvi) | श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह |
| (xxvii) | श्री विद्या सागर केशरी | (xxviii) | श्री तारकिशोर प्रसाद |
| (xxix) | श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव | (xxx) | श्री मो० नवाज आलम |
| (xxxi) | श्री संजय कुमार तिवारी | (xxxii) | श्री संजीव चौरसिया |
| (xxxiii) | श्री विजय कुमार सिन्हा | | |

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री भोला यादव एवं अन्य सभासदों का गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री भोला यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, गृह विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री ललन पासवान एवं अन्य सभासदों का भवन निर्माण विभाग से संबंधित तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग में स्थानान्तरित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री ललन पासवान द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिनांक 27.03.2017 को देने की बात कही गयी ।

**[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) ऊर्जा विभाग के प्रभारी मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा "वित्तीय वर्ष 2015-16 का वार्षिक प्रतिवेदन यथा संलग्न वित्तीय वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का वार्षिक लेखा विवरण, उक्त पर महालेखाकार, बिहार द्वारा पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (SAR) सहित" की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) संसदीय कार्य विभाग के प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार विधान मंडल (सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन) (संशोधन) नियमावली, 2017 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया तथा यह 14 दिनों तक सभा मेज पर रखा रहेगा ।

**[6] आसन की घोषणा :-**

आसन से घोषणा की गयी कि बिहार विधान सभा के नियम समिति का तृतीय प्रतिवेदन सदन पटल पर उपस्थापन के उपरान्त इसमें किसी प्रकार का संशोधन प्राप्त नहीं हुआ । अतएव समिति द्वारा अनुशंसित संशोधन बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली में अंगीकृत किये जाते हैं ।

इस दौरान अपनी विभिन्न माँगों को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अप० से 05.02 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[7] <u>वित्तीय कार्य</u> :- <u>वित्तीय वर्ष 2017-2018 के वार्षिक वित्तीय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-11 (कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, पंचायती राज विभाग तथा खान एवं भूतत्व विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान</u> :-

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री शिव चन्द्र राम द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय सदस्य, श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा अनुदान की माँग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राजेन्द्र कुमार (ii) श्री चन्द्रसेन प्रसाद

(अध्यासी सदस्य श्री (डा०) अशोक कुमार द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।)

(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद (iv) श्रीमती पूर्णिमा यादव
(v) श्री सुनील कुमार (vi) श्री लक्ष्मेश्वर राय
(vii) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (viii) श्रीमती अमिता भूषण
(ix) श्री चंदन कुमार (x) श्री निरंजन कुमार मेहता
(xi) श्री अरूणा देवी (xii) श्रीमती बेबी कुमारी
(xiii) श्री अरूण कुमार (xiv) श्री विद्या सागर केशरी
(xv) श्री ललन पासवान

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xvi) श्री सुदामा प्रसाद (xvii) श्री राजू तिवारी
(xviii) श्री मनोज कुमार (xix) श्री संजय कुमार सिंह

तत्पश्चात् सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्री शिव चन्द्र राम द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री अरूण कुमार सिन्हा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के संबंध में अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[8] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-42 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक शनिवार, दिनांक-25 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-24.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।